# बिहार सरकार
## भवन निर्माण विभाग
### आदेश

पत्रांक– भ0मु0अभि0गु0अनु0–स्था0–20/2019............................ पटना, दिनांक–............................

भवन निर्माण विभाग द्वारा क्रियान्वित नवनिर्माण एवं जीर्णोद्वार संबंधित योजनाओं की गुणवत्ता एवं निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले सामग्रियों की गुणवत्ता जाँच आदि हेतु पूर्व में विभागीय आदेश संख्या –2477 (भ) दिनांक–12.03.2026 द्वारा कुल 10 उड़नदस्ता दलों विद्युत सहित का गठन किया गया था। माह जून में हुए पदाधिकारियों के स्थनांतरण के फलस्वरूप पूर्व के विभागीय आदेश संख्या– 2477 दिनांक–12.03.2026 को विखंडित करते हुए विभागीय स्तर पर औपबंधिक रूप से अगले आदेश तक के लिए निम्नलिखित असैनिक कार्य हेतु पाँच (5) उड़नदस्ता दल एवं विद्युत कार्य हेतु एक (01) उड़नदस्ता दल का पुनर्गठन किया जाता है:–

| उड़नदस्ता दल सं. | सदस्य–1 अधीक्षण अभियंता स्तर | सदस्य–2 कार्यपालक अभियंता स्तर | सदस्य–3 सहायक अभियंता स्तर | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री गजाधर मंडल, निदेशक, गुणवत्ता अनुश्रवण (उत्तर) दरभंगा। | श्री कुमुद रंजन, उप निदेशक गुणवत्ता अनुश्रवण (उत्तर) मुजफ्फरपुर। | श्री दिनेश सिंह, सहायक निदेशक (असैनिक) गुणवत्ता अनुश्रवण (दक्षिण) गया भवन निर्माण | असैनिक कार्य। |
| 2 | श्री ब्रजेश कुमार, निदेशक, गुणवत्ता अनुश्रवण (दक्षिण) गयाजी। | मो0 जहाँगीर आलम, उप निदेशक गुणवत्ता अनुश्रवण (दक्षिण) गया भवन निर्माण विभाग पटना। | श्री गजेन्द्र कुमार, सहायक निदेशक (असैनिक), गुणवत्ता अनुश्रवण (मध्य) का कार्यालय नालंदा। | असैनिक कार्य। |
| 3 | श्री अजय प्रसाद, निदेशक, गुणवत्ता, अनुश्रवण (मध्य) नालंदा–सह–अभियंता प्रमुख के सचिव प्रावैधिकी, भ0नि0वि0, पटना। | श्री मो0 मेराज फैसल उप निदेशक–01 (मध्य) गुणवत्ता अनुश्रवण गया भवन निर्माण विभाग पटना। | श्री बीरबल सहायक निदेशक (असैनिक), उप निदेशक, गुणवत्ता अनुश्रवण का कार्यालय आरा। | असैनिक कार्य। |
| 4 | श्री उपेन्द्र कुमार, अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल | श्री प्रमोद कुमार, उप निदेशक गुणवत्ता अनुश्रवण (उत्तर) मोतिहारी। | मो0 इसरायल उद्दीन सहायक निदेशक (असैनिक), गुणवत्ता अनुश्रवण (मध्य) का कार्यालय नालंदा। | असैनिक कार्य। |
| 5 | श्री अमित कुमार अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, सहरसा। | श्री नितेश कुमार वर्णवाल कार्यपालक अभियंता भवन निरूपण अंचल संख्या–01 | श्री रमेश पासवान सहायक निदेशक (असैनिक),उप निदेशक, गुणवत्ता अनुश्रवण का कार्यालय, पूर्णिया। | असैनिक कार्य। |
| 6 | श्री प्रसून कुमार निदेशक (विद्युत) गुण0अनु0, भ0नि0वि0, पटना। | श्री शिवान्तनु सिंह, योजना अभियंता, मुख्य विद्युत अभियंता–01, पटना। | श्री रंजीत प्रताप रौशन, सहायक निदेशक (विद्युत) गुण0अनु0भ0 नि0वि0, पटना। | विद्युत कार्य। |

1. उपरोक्त उड़नदस्ता दल (अपने मूल कार्यो के अतिरिक्त) मुख्य अभियंता, गुणवत्ता अनुश्रवण के नियंत्रणाधीन कार्यरत रहेंगे।

P.T.O

2. सभी उड़नदस्ता दल सचिव, भवन निर्माण विभाग, मुख्य अभियंता (गुणवत्ता अनुश्रवण) अथवा सक्षम प्राधिकार के आदेश एवं सरकार के संयुक्त सचिव के पत्रांक–भवन/स्था0–02–विविध–17/2018–194(भ0), पटना दिनांक–07.01.2019 के आलोक में जाँच हेतु चिन्हित बिन्दुओं पर स्थल निरीक्षण सुनिश्चित करेंगे तथा जाँच प्रतिवेदन मुख्य अभियंता, गुणवत्ता अनुश्रवण को प्रस्तुत करेंगे।
3. मुख्य अभियंता, गुणवत्ता अनुश्रवण जाँच प्रतिवेदन की समीक्षा कर अपने मंतव्य एवं अनुशंसा के साथ अभियंता प्रमुख के माध्यम से सचिव के समक्ष संचिका उपस्थापित करेंगे।
4. विद्युत संबंधी कार्यों की जाँच हेतु गठित जाँच दल सचिव/अभियंता प्रमुख, विद्युत/मुख्य अभियंता, गुणवत्ता अनुश्रवण के निदेशानुसार स्वतंत्र रूप से जाँच करेंगे अथवा उड़नदस्ता दल को सहयोग करेंगे।
5. कार्य स्थल पर निरीक्षण के दौरान आवश्यक होने पर उड़नदस्ता दल द्वारा नमूना भी एकत्र किया जा सकेगा एवं उसकी जाँच अंचल स्तरीय प्रयोगशाला अथवा केन्द्रीय प्रयोगशाला में कराया जायेगा। उड़नदस्ता दल के द्वारा प्रयोगशाला जाँच प्रतिवेदन भी अपने अंतिम प्रतिवेदन में शामिल किया जायेगा।
6. कार्य स्थल पर विवाद/परिवाद/निरूपण संबंधित समस्या अथवा स्थल संबंधित समस्या जिसे क्षेत्रीय अधीक्षण अभियंता/मुख्य अभियंता द्वारा निस्तारित करने में विलंब हो रहा है, की स्थिति में प्रमंडलीय कार्यालय का भ्रमण/जाँच कर सकेंगे।
7. उड़नदस्ता दल में शामिल अधीक्षण अभियंता अपने पदस्थापन अंचल को छोड़कर किसी अन्य प्रमंडल/प्रमंडलों की योजनाओं की जाँच करेंगे।
8. उड़नदस्ता दल को स्थल भ्रमण हेतु वाहन (चालक एवं ईधन सहित) लेखा प्रशाखा के द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।
9. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।
10. विभागीय आदेश पत्र सं0–6849(भ0), दिनांक–22.07.2025 को इस हद तक संशोधित समझा जाय।
11. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक– भ0मु0अभि0गु0अनु0–स्था0–20/2019 पटना, दिनांक–
प्रतिलिपिः– संबंधित सभी पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, बिहार

ज्ञापांक– भ0मु0अभि0गु0अनु0–स्था0–20/2019 6922(भ0) पटना, दिनांक– 24/7/26
प्रतिलिपिः– आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर उपलोड करने हेतु प्रेषित।

24.7.26

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।